# Daily Current Affairs

Date : 30 October, 2025

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान |
| 2. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राज्य का पहला आधिकारिक पांडुलिपि संरक्षण केंद्र : बीकानेर<br>2. मीडिया लैब और रेडियो राजस्थान 91.2 कम्युनिटी रेडियो<br>3. सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती : राज्य स्तरीय यूनिटी मार्च<br>4. चार जिलों की साथिनों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम<br>5. राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर<br>6. जस्टिस अरुण मोंगा<br>7. पैन IIT राइजिंग राजस्थान समिट : जयपुर<br>8. जमनालाल बजाज पुरस्कार-2025<br>9. जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा छह शहरों का विकास<br>10.पारुल चौधरी<br>11.सब जूनियर राष्ट्रीय रोलबॉल चैंपियनशिप : राजस्थान ने रजत पदक जीता<br>12.ई-डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट पोर्टल |
| 3. | राष्ट्रीय गीत (वंदे मातरम्) |
| 4. | आसियान (ASEAN)-भारत शिखर सम्मेलन |
| 5. | काराकोरम और चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य (WLS) |
| 6. | अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन |
| 7. | ज्ञान भारतम मिशन (2025) |
| 8. | कॉफी |
| 9. | 8वां केंद्रीय वेतन आयोग |
| 10. | वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (GFSR) |
| 11. | संधारणीय खाद्य प्रणाली रिपोर्ट |
| 12. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ब्यूरेवेस्तनिक मिसाइल<br>2. स्टेबलकॉइन |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान

### चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय शिक्षक दिवस (5 सितंबर, 2025) के अवसर पर 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' के तहत प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान (रीड टू लीड) का शुभारंभ किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- **संचालन :** राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा।
- **अवधि :** 5 सितंबर, 2025 से 5 दिसंबर, 2025
- प्रखर राजस्थान 2.0 एक 90 दिवसीय अभियान है जिसका उद्देश्य राजस्थान के सरकारी स्कूलों में बच्चों की पठन क्षमता और भाषा कौशल में सुधार करना है।
- यह अभियान बच्चों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए "रीडिंग रेमेडिएशन पैकेज" और विभिन्न गतिविधियों का उपयोग करता है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **राजस्थान में वर्ष 2025 के लिए सम्मानित कुल शिक्षक :** 75 (66 शिक्षकों का चयन मेरिट और 9 का सरकार के स्तर पर चयन किया गया)
- **सर्वाधिक :** झुंझुनू और फलौदी जिले से सबसे अधिक 6-6 शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जबकि 41 में से 13 जिलों में किसी भी श्रेणी में एक भी शिक्षक का चयन नहीं हुआ।
- **राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार - 2025 (राजस्थान) :** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय टपूकड़ा (खैरथल-तिजारा) की प्रिंसिपल नीलम यादव को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राज्य का पहला आधिकारिक पांडुलिपि संरक्षण केंद्र : बीकानेर**<br>■ 'अभय जैन ग्रंथालय, बीकानेर' राजस्थान का पहला आधिकारिक पांडुलिपि संरक्षण केंद्र बन गया है।<br>■ केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने देशभर के 17 संस्थानों के साथ महत्त्वपूर्ण समझौता किया, जिसमें राजस्थान के 'अभय जैन ग्रंथालय, बीकानेर' ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। |
| 2. | **मीडिया लैब और रेडियो राजस्थान 91.2 कम्युनिटी रेडियो**<br>■ राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने हाल ही में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में मीडिया लैब और रेडियो राजस्थान 91.2 कम्युनिटी रेडियो का लोकार्पण किया। |
| 3. | **सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती : राज्य स्तरीय यूनिटी मार्च**<br>■ 31 अक्टूबर, 2025 (सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती) को जयपुर में गाँधी सर्किल से अमर जवान ज्योति तक राज्य स्तरीय यूनिटी मार्च (पदयात्रा) आयोजित की जाएगी।<br>**यूनिटी मार्च :**<br>■ **आयोजक :** केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय।<br>■ **आयोजन अवधि :** 6 अक्टूबर से 6 दिसंबर, 2025 तक।<br>■ **उद्देश्य :** राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना।<br>■ सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती प्रति वर्ष 31 अक्टूबर को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में मनाई जाती है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **चार जिलों की साथिनों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम**<br>■ महिला अधिकारिता निदेशालय जयपुर द्वारा सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (CFAR) के सहयोग से चार जिलों–जैसलमेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं सीकर की साथिनों और पर्यवेक्षकों के लिए राजस्थान सहकारिता शिक्षा एवं प्रबंध संस्थान जयपुर में 27 से 29 अक्टूबर, 2025 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। |
| 5. | **राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर**<br>■ हाल ही में, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में 'स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर' का लोकार्पण किया गया। |
| 6. | **जस्टिस अरुण मोंगा**<br>■ 29 अक्टूबर, 2025 को राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा ने जस्टिस अरुण मोंगा को राजस्थान उच्च न्यायालय के 40वें न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। |
| 7. | **पैन IIT राइजिंग राजस्थान समिट : जयपुर**<br>■ आयोजन तिथि : 1 नवंबर, 2025<br>■ आयोजन स्थल : राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर।<br>■ संस्करण : प्रथम।<br>■ थीम : 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इनोवेशन एंड ग्रोथ'।<br>■ उद्देश्य : भारत के AI-आधारित भविष्य की रणनीति तैयार करना और टेक्नोलॉजी ट्रांसफ़ॉर्मेशन को तेज करना। |
| 8. | **जमनालाल बजाज पुरस्कार-2025**<br>■ गुजरात के बनासकांठा जिले के हसमुख पटेल को ग्रामीण विकास और सामाजिक नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जमनालाल बजाज पुरस्कार-2025 से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।<br>■ यह प्रतिष्ठित सम्मान जिसकी स्थापना वर्ष 1977 में की गई थी, जमनालाल बजाज फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 9. | **जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा छह शहरों का विकास**<br>■ जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा राज्य के छह शहरों को 'स्मार्ट सिटी' के रूप में विकसित किया जाएगा।<br>■ **6 शहर :** मंडावा, खाटूश्यामजी, भिवाड़ी, अलवर, बीकानेर और भरतपुर।<br>■ इस परियोजना पर ₹330 करोड़ से अधिक का खर्च आएगा। इस प्रोजेक्ट हेतु राजस्थान अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट एंड फाइनेंस कॉर्पोरेशन (रूडसिको) द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है।<br>■ इन शहरों में शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वच्छता, सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइटिंग, सीवरेज और पेयजल जैसी सुविधाएँ बढ़ाई जाएंगी। |
| 10. | **पारुल चौधरी**<br>■ मदुरै (तमिलनाडु) में आयोजित ऑल इण्डिया जूनियर (अंडर-19) रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में चूरू की पारुल चौधरी ने गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक जीता।<br>■ ऑल इण्डिया U-19 रैंकिंग बैडमिंटन का खिताब जीतने वाली पारुल चौधरी राजस्थान की पहली खिलाड़ी है।<br>■ पारुल चौधरी ने फाइनल में पश्चिम बंगाल की कनिष्का को हराया।<br>■ **प्रतियोगिता का आयोजन :** 22 से 29 अक्टूबर, 2025 |
| 11. | **सब जूनियर राष्ट्रीय रोलबॉल चैंपियनशिप : राजस्थान ने रजत पदक जीता**<br>■ उत्तर प्रदेश के आगरा में आयोजित 18वीं सब जूनियर राष्ट्रीय रोलबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान की सब जूनियर बॉय्ज़ टीम ने रजत पदक जीता। |
| 12. | **ई-डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट पोर्टल**<br>■ हाल ही में, बाँसवाड़ा पुलिस ने सड़क दुर्घटना दावों के निपटान को तेज करने के लिए ई-डीएआर (e-Detailed Accident Report) पोर्टल लॉन्च किया है, जो i-RAD का एक अपडेटेड संस्करण है।<br>■ यह पोर्टल सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा विकसित किया गया है और दुर्घटना संबंधी डेटाबेस रखता है।<br>■ इस पोर्टल को लॉन्च करने वाला बाँसवाड़ा राजस्थान का पहला जिला है और इसमें 90 प्रतिशत डेटा सीधे अपलोड किया जाता है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## राष्ट्रीय गीत (वंदे मातरम्)

### चर्चा में क्यों?

- प्रधान मंत्री ने नागरिकों से राष्ट्रीय गीत के 150वें वर्ष को यादगार बनाने का आग्रह किया, ताकि इसके मूल्यों को भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके।

### मुख्य बिन्दु:

- **रचना:** यह गीत बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा संस्कृत भाषा में रचा गया था। यह गीत बंकिमचंद्र के सबसे प्रसिद्ध उपन्यास आनंद मठ (1882) का एक हिस्सा है। इसे जन-गण-मन (राष्ट्रीय गान) के साथ समान दर्जा प्राप्त है।
- इसे पहली बार 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा गाया गया था।
- इसे 24 जनवरी 1950 को भारत की संविधान सभा द्वारा भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## आसियान (ASEAN)-भारत शिखर सम्मेलन

### चर्चा में क्यों?

- 22वाँ आसियान-भारत शिखर सम्मेलन मलेशिया में आयोजित किया गया। भारत और आसियान ने 2022 में अपने संबंधों को "रणनीतिक साझेदारी" से बढ़ाकर "व्यापक रणनीतिक साझेदारी" के स्तर पर पहुंचाया था।

### मुख्य बिन्दु:

22वें शिखर सम्मेलन के मुख्य परिणाम






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस अवसर पर आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी (2026-2030) को लागू करने के लिए आसियान-भारत कार्य योजना का समर्थन किया गया।
- दोनों पक्षों ने 2026 को "आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष" नामित किया।
- नालंदा विश्वविद्यालय में दक्षिण पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।
- गुजरात के लोथल में "पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन समुद्री विरासत महोत्सव" आयोजित करने की घोषणा की गई।

### आसियान

- तिमोर-लेस्ते आसियान का 11वाँ सदस्य बना।
- **स्थापना:** इसकी स्थापना वर्ष 1967 में बैंकॉक (थाईलैंड) में आसियान घोषणा-पत्र (बैंकॉक घोषणा-पत्र) पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी।
- **अन्य 10 सदस्य:** ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## कारकोरम और चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य (WLS)

### चर्चा में क्यों?

- केंद्र सरकार को लद्दाख में काराकोरम और चांगथांग अभयारण्यों की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

### मुख्य बिन्दु:

**काराकोरम वन्यजीव अभयारण्य**

- **स्थापना:** 1987 ई.
- **अवस्थिति:** काराकोरम पर्वत श्रृंखला, लद्दाख।
- **जीव-जंतु:** हिम तेंदुआ, हिमालयी भूरा भालू , हिमालयी भेड़िया, आइबेक्स (जंगली बकरी), जंगली नीली भेड़ (भरल), आदि।
- वनस्पति: अल्पाइन वनस्पति, औषधीय पौधे, शीत मरुस्थल की वनस्पति, आदि।

**चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य**

- **स्थान:** लद्दाखी चांगथांग पठार, लेह जिला।
- **महत्व:** इस क्षेत्र में सबसे ऊंचाई पर स्थित झीलें पाई जाती हैं, जैसे- त्सो मोरीरी, पैंगोंग त्सो और त्सो कार।
- **जीव-जंतु:** हिम तेंदुआ, तिब्बती जंगली गधा, काली गर्दन वाला क्रेन आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन

## चर्चा में क्यों?

- अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) सभा का आठवां सत्र नई दिल्ली में आयोजित हुआ।

## मुख्य बिन्दु:

### सत्र के मुख्य परिणाम

- **सनराइज का शुभारंभ:** इसे सोलर पैनल, उपकरणों आदि से संबंधित अपशिष्ट की रीसाइक्लिंग करने, हरित रोजगार सृजित करने और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक पहल के रूप में शुरू किया गया।
- **लघु द्वीपीय विकासशील देश (SIDS) खरीद समझौता ज्ञापन:** 16 लघु द्वीपीय विकासशील देशों ने ISA-विश्व बैंक प्लेटफॉर्म के तहत समन्वित रूप से सौर ऊर्जा उपकरणों की खरीद और क्षमता निर्माण के लिए साझेदारी की।
- **ISA की प्रमुख रिपोर्ट्स:** ईज़ ऑफ डूइंग 2025, सोलर ट्रेंड्स 2025 आदि।
- ISA अकादमी (AI-आधारित ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म) का शुभारंभ भी किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)

- **उत्पत्ति:** इसे 2015 में भारत और फ्रांस ने पेरिस में COP-21 के दौरान लॉन्च किया था।
- **मुख्यालय:** गुरुग्राम, हरियाणा यह ऐसा पहला अंतरराष्ट्रीय अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका मुख्यालय भारत में है।
- **सदस्यता:** 124 सदस्य और हस्ताक्षरकर्ता देश। ISA के फ्रेमवर्क समझौते में 2020 में संशोधन किया गया था। इसके बाद, अब सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश इस गठबंधन में शामिल होने के पात्र हैं।
- **मिशन:** प्रौद्योगिकी और वित्त-पोषण लागत को कम करते हुए 2030 तक सौर ऊर्जा में 1 ट्रिलियन डॉलर का निवेश प्राप्त करना।
- **सहयोगात्मक पहलें:** इसमें सोलरएक्स स्टार्ट-अप चैलेंज, स्टार-सी पहल, ग्लोबल सोलर फैसिलिटी, वन सन- वन वर्ल्ड- वन ग्रिड आदि शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## ज्ञान भारतम मिशन (2025)

### चर्चा में क्यों?

- ज्ञान भारतम मिशन के तहत कार्य विस्तार के लिए सरकार ने 17 संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### मुख्य बिन्दु:

**ज्ञान भारतम मिशन**

- **विज़न:** भारत की विशाल पांडुलिपि विरासत को संरक्षित करना, डिजिटाइज़ करना और प्रसारित करना। भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसकी सभ्यतागत ज्ञान परंपराओं को पुनर्जीवित करना।
- देश भर में 1 करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को डिजिटाइज़ और सूचीबद्ध करना।
- स्मार्ट पहुंच, प्रतिलेखन और मूल स्रोत, स्थान आदि के लिए AI, ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन और ब्लॉकचेन तकनीकों का एकीकरण करना।
- पांडुलिपियां कम-से-कम 75 साल पुरानी कागज, वृक्ष की छाल, कपड़ा, धातु, ताड़पत्र या किसी अन्य सामग्री पर हस्तलिखित रचनाएं होती हैं। इनका वैज्ञानिक, ऐतिहासिक या कलात्मक महत्त्व होता है।
- **नोडल मंत्रालय:** संस्कृति मंत्रालय।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## कॉफी

### चर्चा में क्यों?

- प्रधान मंत्री ने इस तथ्य का उल्लेख किया है कि भारतीय कॉफी की लोकप्रियता विश्व स्तर पर बढ़ रही है।

### मुख्य बिन्दु:

**कॉफी (भारत के संदर्भ में)**

- भारत अब दुनिया का 7वां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक है। उत्पादित कॉफी का 70% निर्यात किया जाता है। 2024-25 के दौरान कॉफ़ी निर्यात से 1.80 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आय हुई थी।

**मुख्य कॉफी उत्पादक क्षेत्र:**

- **कर्नाटक:** चिकमंगलूर, कूर्ग और हसन।
- **तमिलनाडु:** पुलने, शेवराय, नीलगिरि और अन्नामलाई।
- **केरल:** वायनाड, त्रावणकोर और मालाबार।
- **मिट्टी:** कॉफी के लिए गहरी, उपजाऊ, जैविक पदार्थ से भरपूर, अच्छी जल निकासी वाली और हल्की अम्लीय (pH 6.0-6.5) मिट्टी चाहिए।

**उगाने की परिस्थितियाँ:**

- **ढलान:** हल्की से मध्यम ढलान
- **तापमान:** 15°C से 30°C के बीच
- **वर्षा:** 1000 से 2500 मिमी तक उपयुक्त।
- **प्रकार:** भारत में मुख्य रूप से रोबस्टा और अरेबिका प्रकार की कॉफी उगाई जाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 8वां केंद्रीय वेतन आयोग

## चर्चा में क्यों?

- मंत्रिमंडल ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के विचारार्थ विषयों को मंजूरी दी।

## मुख्य बिन्दु:

- केंद्रीय वेतन आयोग केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन, पेंशन और सेवा शर्तों की समीक्षा करता है तथा उनमें बदलाव की सिफारिश करता है।

### 8वें केंद्रीय वेतन आयोग

- यह आयोग एक अस्थायी निकाय है। इसमें एक अध्यक्ष, एक अंशकालिक सदस्य, और एक सदस्य-सचिव शामिल है।
- यह अपने गठन के 18 महीने के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा।
- आयोग आर्थिक स्थिति, वित्तीय अनुशासन, गैर-अंशदायी पेंशन योजनाओं की लागत, राज्य वित्त, और सार्वजनिक व निजी क्षेत्रक के वेतन ढांचे को ध्यान में रखेगा।
- 8वें आयोग की सिफारिशें 1 जनवरी 2026 से लागू होने की उम्मीद है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (GFSR)

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट जारी की।

### मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य:** वैश्विक वित्तीय बाजारों का नियमित तौर पर आकलन करना तथा संकट उत्पन्न होने से पहले संभावित प्रणालीगत खामियों की पहचान करना।

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदु**

- वैश्विक वित्तीय स्थिरता जोखिमों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।
- **भू-राजनीतिक घटनाओं की भूमिका:** विशेष रूप से सैन्य संघर्ष, स्टॉक की कीमतों में काफी गिरावट और संप्रभु रिस्क प्रीमियम में वृद्धि का कारण बन सकते हैं।
- **IMF की अन्य प्रमुख रिपोर्ट:** विश्व आर्थिक परिदृश्य, फिस्कल मॉनिटर आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# संधारणीय खाद्य प्रणाली रिपोर्ट

## चर्चा में क्यों?

- विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र (CSE) ने "संधारणीय खाद्य प्रणाली रिपोर्ट" जारी की। इस रिपोर्ट में भारत में मृदा स्वास्थ्य की स्थिति को उजागर किया गया है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के आँकड़ों के आधार पर रिपोर्ट में भारतीय मृदा में पोषक तत्वों की गंभीर कमी पाई गई है।

## मुख्य बिन्दु:

### मृदा पोषक तत्वों की कमी:

- **नाइट्रोजन:** मृदा के 64% नमूनों में नाइट्रोजन की मात्रा कम पाई गई है।
- **ऑर्गेनिक कार्बन की कमी:** मृदा के परीक्षण किए गए नमूनों में से 48.5% में SOC की कमी पाई गई है। SOC मृदा संरचना और सूक्ष्मजीवों की प्रचुरता का एक महत्वपूर्ण संकेतक है।
- **सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी:** मृदा के 55.4% नमूनों में बोरॉन की मात्रा कम पाई गई, तथा 35% में जिंक की मात्रा कम पाई गई।
- **यूरिया की उच्च खपत:** उर्वरकों में सर्वाधिक उपयोग यूरिया का किया जा रहा है। 2023-24 में कुल उर्वरक उपयोग में लगभग 68 प्रतिशत भागीदारी यूरिया की रही है।

### मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, 2015

- **नोडल एजेंसी:** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
- **इसके तहत 12 रासायनिक संकेतकों को मापा जाता है:**
  - नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, सल्फर (मैक्रोन्यूट्रिएंट्स), जिंक, आयरन, कॉपर, मैंगनीज, बोरॉन (माइक्रोन्यूट्रिएंट्स) तथा pH, विद्युत चालकता और ऑर्गेनिक कार्बन।
- मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना को वर्ष 2022-23 से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता नामक घटक के रूप में शामिल कर लिया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ब्यूरेवेस्तनिक मिसाइल**<br>■ रूस ने अपनी परमाणु-ऊर्जा चालित और परमाणु-सक्षम ब्यूरेवेस्तनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इसे SSC-X-9 स्काईफॉल भी कहा जाता है।<br>■ **प्रकार:** यह लंबी दूरी की, कम ऊंचाई पर उड़ान भरने वाली व परमाणु-ऊर्जा चालित क्रूज़ मिसाइल है।<br>■ क्रूज़ मिसाइल वह मिसाइल होती है, जो अपनी पूरी यात्रा के दौरान निरंतर उड़ान के लिए जेट इंजनों द्वारा संचालित होती है। |
| 2. | **स्टेबलकॉइन**<br>■ जापान ने दुनिया का पहला येन से संबद्ध स्टेबलकॉइन लॉन्च किया।<br>■ यह ब्लॉकचेन-आधारित एक डिजिटल करेंसी होती है। इसे एक स्थिर मूल्य बनाए रखने के लिए किसी फिएट मुद्रा (जैसे येन या डॉलर) से जोड़ा या संबद्ध किया जाता है।<br>■ **उद्देश्य:** यह पारंपरिक वित्त और क्रिप्टोकरेंसी के बीच एक सेतु का काम करती है। इससे तेज, कम लागत वाले और सुरक्षित डिजिटल लेन-देन संभव होते हैं।<br>■ **प्रमुख स्टेबलकॉइन:** टीथर (USDT), USD कॉइन (USDC) आदि। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR